>

Title: Need to set up a Steel Plant of SAIL in Keonjhar, Orissa.

श्री यशवंत लागुरी (क्योंझर): सेल भारत में स्टील का उत्पादन करता है एवं यहां उत्पादन के लिए कच्चे माल की आपूर्ति उड़ीसा के क्योंझर, सुन्दरगढ़ एवं झारखंड के सिंहभूम जिलों से होती है जिसमें क्योंझर से 70 प्रतिशत आपूर्ति होती है। खेद की बात है कि जहां से कच्चा माल निकलता हे वहां पर सेल ने अभी तक कोई प्लांट नहीं लगाया है जबकि कच्चे माल की प्राप्ति से बहुत दूर दुर्गापुर, राउरकेला, विशाखापट्टनम में स्टील प्लांट लगाये गये हैं, जिसके कारण कच्चा माल प्राप्त कर इन प्लांटों में ले जाने के लिए यातायात की बहुत लागत आती है और इनके माल ले जाने के लिए प्रदूषण भी फैलता है। सेल स्टील के उत्पादन को दुगुना करने का विचार कर रही है। अगर क्योझर में यह प्लांट लग जाये तो कच्चे माल के ले जाने में यातायात लागत और इससे होने वाले प्रदूषण से बचा जा सकता है। इस क्षेत्र के आदिवासी लोगों में व्याप्त बेरोजगारी को दूर किया जा सकता है। उक्त प्लांट को लगाने के लिए यहां पर प्लांट लगाने की सारी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। सड़क है, रेल मार्ग है, पानी की व्यवस्था है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध हे कि क्योंझर में इस्पात आधारित उद्योग लगाने के लिए सेल शीघ्र कार्यवाही करें।